## फर्द अहकाम
## कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री नेनूसिंह पिता श्री अभयसिंह जी चुण्डावत केयर ऑफ हिम्मत माली 383, रोड नम्बर 5–ए अशोकनगर उदयपुर जिला उदयपुर — **अपीलांट**

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ़ — **प्रत्यर्थी**

**किस्म मुकदमा**— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 56/2021**

| क्रमांक | कार्यवाहिक विवरण | हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई |
|---|---|---|
| | **दिनांक 12.04.2022**<br>पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ द्वारा जरिये क्रमांकः उपदे/सूचना/2022/10–11 दिनांक 04.03.2022 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई बिन्दु सं. ए, बी, सी, डी, की वाछिंत सूचना दिनांक 04.03.2022 को जरिये रजिस्र्टड डाक सं. RR059254549IN द्वारा आवेदन में दर्ज पते पर डाक द्वारा भिजवायी जा चुकि हैं।<br>लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ के द्वारा बिन्दु सं. ए, बी, सी, डी, की वाछिंत सूचना दिनांक 04.03.2022 को जरिये रजिस्र्टड डाक से भिजवाये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को भिजवायी जावे।<br>**पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।**<br><br>**लोक सूचना अपीलीय अधिकारी**<br>**(जिला कलक्टर)राजसमन्द** | |

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)